



## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को 5 साल कारावास

**रायगढ़।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में 23 वर्षीय युवक को दोषी मानते हुए न्यायालय ने 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस संबंध में अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि बीते 8 जुलाई 2025 को आरोपी चैतराम पाव उर्फ जेहरू पाव उम्र 23 साल रात करीब 10 बजे शराब के नशे में धुत्त होकर नाबालिग के घर पहुंचाए जहां नाबालिग की मां ने नाबालिग को चैतराम को घर छोड़ देने को कहा। नाबालिग उसे उसके घर छोड़ने जा रही थीए इसी बीच आरोपी युवक ने नाबालिग को खीचते हुए एक सुनसान जगह पर ले गयाए जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग किसी तरह उसे धक्का देकर घर पहुंची और आपबीती अपनी मां को बताई। जिसके बाद पीड़िता नाबालिग की मां ने चक्रधर नगर थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया। नाबालिग की मांग के रिपोर्ट के आधार पर आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने युवक को नाबालिग के दुष्कर्म का दोषी मान कर 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

### मामला सामने आने के बाद कलेक्टर स्वयं मैसेज कर अलर्ट रहने की दे रहे हिदायत

# बिलासपुर बर्ल्ड फ्लू का असर रायगढ़ में भी वहां से खरीदी-बिक्री व परिवहन पर प्रतिबंध





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर में बर्ड फ्लू सामने आने के बाद रायगढ़ में अलर्ट कर दिया गया है। बिलासपुर से खरीदी-बिक्री और परिवहन पर पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही बार्डर में भी निगरानी रखी जा रही है। शौकिनों को एहतियात बरतने की हिदायत दी जा रही है। शहर और आसपास संचालित मुर्गा कटिंग, अंडा दुकान के साथ पोल्ट्री फार्म पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के फील्ड अमले को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। उनके लिए अलग से आदेश भी जारी कर दिया गया है। कुल मिला कर जिले में बर्ड फ्लू को लेकर पूरी तरह से एहतियात बरती जा रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी स्वयं मैसेज कर अलर्ट रहने की हिदायत दे रहे हैं।

जिले में हर दिन एक से डेढ़ करोड़ का इसका व्यवसाय होता है। जिले में कुछ बड़े पोल्ट्री फार्म हैं जहां 11-11 लाख मुर्गा उपलब्ध हैं। कुछ में 20-20, 30-30 हजार भी हैं। याने देखा जाए तो जिले के पोल्ट्री फार्म काफी बड़े हैं। सरकारी पोल्ट्री फार्म भी है जहां चूजे भी बिक्री की जाती है। इन सबमें निगरानी रखी जा रही है। जहां भी मुर्गियों की असामान्य मौतें होती है तो तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों देकर पूरी सावधानी बरतने कहा गया है। पशु चिकित्सक गांवों में भी एहतियातन सभी को अलर्ट किया जा रहा है।

#### सरकारी पोल्ट्री में रिकार्ड मेंनटेंन नहीं

सरकारी पोल्ट्री फार्म में रिकार्ड मेंनटेन नहीं होता है। इसकी बानगी उस समय देखने को मिला जब बिलासपुर में बर्ड फ्लू के बाद जानकारी ली गई। वहां के प्रभारी डॉ प्रधान तो बाहर थे, लेकिन वहां दो अन्य लोग थे उनके पास कोई रिकार्ड नहीं था। उनका कहना था कि रजिस्टर मेंनटेन किया जाता है, लेकिन महीने में एक बार ही रिपोर्ट बनाई जाती है। काफी देर तक उनके द्वारा जानकारी तैयार नहीं की जा सकी। याने यहां भी मनमानी चल रही है। अधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं है।

#### 1 से 10 किमी तक खतरा

जानकारों की मानें तो जहां बर्ड फ्लू फैलता है वहां 1 से 10 किमी के दूरी तक प्रभावित एरिया माना जाता है। इसके बाद ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। हालांकि बिलासपुर से रायगढ़ का व्यवसाय होता है। इसके कारण यहां कुछ ज्यादा एहतियात बरती जा रही है। रायगढ़ में सक्ती से होते हुए मुर्गी परिवहन गाड़ियां आती हैं, उन पर विशेष निगाहें रखी जा रही है।

#### ओड़िशा पर प्रतिबंध नहीं

डीडी वेटनरी डॉ एसके सिंह ने बताया कि बिलासपुर से रायगढ़ का पोल्ट्री व्यवसाय जुड़ा हुआ है। यहां परिवहन पर रोक है, लेकिन ओड़िशा से कोई दिक्कत नहीं है। ओड़िशा से अभी व्यावसायिक संबंध बराबर बना हुआ है। यहां पूरी तरह से एहतियात बरतने की बात श्री सिंह ने कहा है। उन्होंने बताया कि फील्ड अमले को पूरी सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

### आपसी विवाद में हत्या डंडे से की गई थी मारपीट आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** ग्राम कुजेंमुरा में 14 मार्च को हुई मारपीट की घटना में घायल युवक झसकेतन निषाद 49 की इलाज के दौरान 19 मार्च को रायपुर में मौत हो गई। तमनार पुलिस ने आरोपी पंचराम निषाद के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार श्यामनगर बजारपारा निवासी पंचराम निषाद अपने परिवार के साथ ग्राम कुजेंमुरा शादी में शामिल होने आया था। 14 मार्च की रात अपने परिजनों को घर चलने के लिए कहने पर परिवार द्वारा सुबह जाने की बात कही गई, जिस पर उसका अपने बड़े साले इस्केतन निषाद से विवाद हो गया। विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया, जिसमें आरोपी ने डंडे से इस्केतन निषाद पर कई वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया। रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान 19 मार्च को उसकी मौत हो गई। धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान गवाहों के कथनों एवं साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी द्वारा जान से मारने की नियत से मारपीट की गई थी। जिससे आई चोटों के कारण युवक की मौत हुई। इस आधार पर 24 मार्च को आरोपी पंचराम निषाद के विरुद्ध धारा 103,1 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### इंस्टाग्राम में दोस्ती, युवती से दुष्कर्म

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मार्च को स्थानीय युवती 29 द्वारा महिला थाना में आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अप्रैल 2024 में इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान सूरज उर्फ सूर्यकांत साहू निवासी सरिया से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने विश्वास में लेकर 20 अक्टूबर 2025 को युवती के घर पहुंचकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे डरी सहमी युवती ने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। इसके बाद नवंबर 2025 में आरोपी युवती को रायपुर अपने रिश्तेदार के घर ले गया। वहां भी उसने दो दिनों तक दुष्कर्म किया। युवती द्वारा लगातार शादी का दबाव बनाने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और अंततः 05 मार्च को सरिया बुलाकर बाजार चौक में मिलने के बाद उसने शादी से साफ इनकार कर दिया।

## आमाघाट अफीम की खेती करने वाला तीसरा आरोपी भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार के आमाघाट में अवैध अफीम खेती करनें वाले एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह घटना सामने आने के बाद अपने एक अन्य साथी के साथ फरार हो गया था।पुलिस टीम दोनों की तलाश में झारखंड पहुंची थी। वहां से एक आरोपी को पहले ही झारखंड के जंगल में पकड़ा गया था। इसके बाद झारखंड से ही दूसरे को भी पकड़ा गया है। अब इस अवैध अफीम खेती मामले में तीनों आरोपी पकड़ा गए हैं। तीनों के खिलाफ गंभीर धाराएं लगाई गई है।



तमनार के आमाघाट में करीब डेढ़ एकड़ में झारखंड के तीन लोग मार्शल सांगा, सीरिल भेंगरा और सीप्रियन भेंगरा द्वारा अफीम की खेती अवैध तरीके से की जा रही थी। इसका खुलासा होने के बाद पुलिस ने मार्शल सांगा को मौके से ही पकड़ लिया गया था। वहीं दोनों उसके रिश्तेदार फरार हो गए थे। दोनों की तलाश में पुलिस टीम झारखंड पहुंची थी। तीसरे आरोपी सीप्रियन भेंगरा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

#### ये हैं अफीम खेती करने वाले तीनों आरोपी

सीप्रियन भेंगरा 25 साल, पिता सिरिल भेंगरा, निवासी ग्राम जापुद पहाड़टोली थाना तोरपा जिला खूंटी झारखंड, एमानुएल भेंगरा 21 साल, पिता पोलुस भेंगरा ग्राम जापुद पहाड़टोली थाना तोरपा जिला खूंटी झारखंड मार्शल सांगा 40 साल, पिता मिखाइल सांगा, निवासी ग्राम हड़म बनम, थाना खुंटी जिला खुंटी झारखंड, धारा थाना तमनार में धारा 8,बी 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




JINDAL CHETAK
RAIGARH
9303373625

## खबर संक्षेप

### नवीनीकरण और नवीन आवेदन 27 तक

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित किया गया है किए वे शिक्षा सत्र 2025-26 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति के लिए विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में नवीनीकरण और नवीन आवेदन 27 मार्च तक जमा कर सकते हैं।

### एसएनए स्पर्श बिल जमा की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** भारत सरकार के पत्र के माध्यम से छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने एसएनए स्पर्श पेमेंट फाइल सभी भुगतान से जुड़े बिल प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि 26 मार्च निर्धारित की है। एसएनए स्पर्श केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्र और राज्यों के बीच फंड का हिस्सेदारी को दर्शाता है।

### 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक बोर खनन पर रोक

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी द्वारा छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक 3, 1987 की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण रायगढ़ जिले को 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। आदेश के अनुसार अधिनियम की धारा 6 के तहत जिले में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन हेतु खनन नहीं किया जा सकेगा। हालांकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित शासकीय एजेंसियों को पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार नलकूप खनन की अनुमति दी गई है। इसके अंतर्गत नगर निगमए नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत अपने अपने क्षेत्र में केवल पेयजल हेतु नलकूप खनन कर सकेंगे, जिसकी सूचना संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को देना अनिवार्य होगा। आदेश में यह भी उल्लेखित है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन के लिए अनुमति प्रदान के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्राधिकृत किया गया है।

### मनरेगा से किसान को मिला स्थायी जल स्रोत

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत तरेकेला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत किए गए डबरी निर्माण ने एक किसान की जिंदगी बदल दी है। हितग्राही करुणानिधि किसान के लिए लगभग 1.96 लाख रुपए की लागत से बनाई गई डबरी आज आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन चुकी है। पहले किसान पूरी तरह वर्षा आधारित खेती पर निर्भर था, जिससे उत्पादन सीमित और आय कम रहती थी। लेकिन डबरी निर्माण के बाद अब खेत में वर्षा जल का संचयन संभव हो गया है, जिससे समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है और फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ आय बढ़ने की उम्मीद भी मजबूत हुई है। डबरी निर्माण कार्य से न केवल किसान को स्थायी जल स्रोत मिलाए बल्कि लगभग 650 मानव दिवस का रोजगार भी सृजित हुआ।

### टीबी मुक्त अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ

**रायगढ़।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले में पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार 24 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ननि के महापौर जीवर्धन चौहान ने निक्षय वाहन एवं आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत एक्स रे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के प्रथम चरण में 258 उच्च जोखिम वाले ग्रामों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जबकि द्वितीय चरण में शेष ग्रामों में टीण्बी जांच अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जिले में टीण्बी की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना हैए ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सके। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहभागिता, समय पर जांच एवं पोषण सहयोग की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया।

---

### कलेक्टर ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

# नालंदा परिसर जून तक हो जाएगा तैयार, नए सत्र से मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में चल रहे विकास कार्यों का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय से पहले पूर्ण करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने सबसे पहले नालंदा परिसर के निर्माण कार्य का जायजा लिया। वर्तमान में इस परियोजना का 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने आगामी जून से पहले इस परिसर का लोकार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि छात्र छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र से इसका लाभ मिल सके। खेल सुविधाओं को विस्तार देने की कड़ी में रायगढ़ स्टेडियम का भी अवलोकन किया गया। यहाँ निर्माणाधीन आधुनिक स्विमिंग पूल और सिंथेटिक ट्रैक को आगामी दो महीनों के भीतर पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही मरीन ड्राइव के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एसईसीएल और नगर निगम के अधिकारियों को कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुराने और नए चक्रधर पुल के पास डायवर्जन बनाने की योजना पर चर्चा की गई। यहाँ पुल के नीचे बॉक्स कलवर्ट का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल निकासी और आवागमन में सुगमता आएगी। निरीक्षण के अंतिम चरण में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा भविष्य में बनाए जाने वाले वुमेन्स हॉस्टल और ट्रांजिट हॉस्टल के लिए प्रस्तावित स्थलों का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- स्टेडियम में स्विमिंग पूल, सिंथेटिक ट्रैक का कार्य अंतिम चरण में
- मरीन ड्राइव निर्माण में गुणवत्ता विशेष ध्यान



जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर।



## 32 हजार भूमिहीन मजदूरों को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत रायगढ़ जिले के लगभग 32 हजार हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से राशि अंतरित करते हुए जिले के हितग्राहियों के खातों में 10-10 हजार रुपए के मान से कुल 32 करोड़ रुपए सीधे भेजे।

जिले में लगभग 32 हजार हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के 30 हजार 730 तथा नगरीय निकाय क्षेत्र के 1 हजार 312 हितग्राही शामिल हैं। जिले के रायगढ़, पुसौर, खरसिया, धरमजयगढ़, तमनार एवं लैलूंगा तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही तथा योजना से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन कर हितग्राहियों को जानकारी दी गई। यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ साथ वनोपज संग्राहक, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी तथा अन्य पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। नगरीय क्षेत्र में नगर पंचायत घरघोड़ा के 65, धरमजयगढ़ के 563, पुसौर के 371, किरोड़ीमल नगर के 9 तथा लैलूंगा के 304 हितग्राहियों को लाभ मिला।

## लोहार विश्वकर्मा समाज का वार्षिक अधिवेशन, लिए निर्णय

**जुर्डा/लोईंग।** रायगढ़ पूर्वांचल के ग्राम पंचायत जुर्डा के लोहार विश्वकर्मा समाज द्वारा गजमार पहाड़ वनस्थली काबरा पाठ के पश्चिम तट पर बसे ग्राम जुर्डा में समाज का वार्षिक बैठक किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप सरपंच श्रीमती ममता दिनेश पटेल एवं कोलता समाज के पूर्व अध्यक्ष जोगीराम प्रधान, भूमिया समाज के अध्यक्ष तोसराम नायक एवं दूर दराज से आए पंचगण, घरघोड़ा जकेला, बांधापाली, लंकापली, टपरदा, गोर्रा, कुसमुरा, डोंगीतराई, लोईंग, महापल्ली, धांगरडीपा, बेलादुला, लोढ़ाझर, पचेड़ा, टेका एवं जुर्डा के पदाधिकारी व आम जनता की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। विषय रहा आय-व्यय का हिसाब, संशोधित एवं नियमावली का वाचन अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्णय लिया गया। मृत व्यक्ति के घर अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान करना व दशकर्म में भी राशि और विवाह करने के पहले पंचगण की उपस्थिति देना व नवजात शिशु बच्चे की संस्कार के लिए छट्टी 21 दिन के अंदर करना अनिवार्य है। कोई भी पार्टी में मास मदिरा सेवन को प्रतिबंधित किया गया है। हर्षौल्लास के साथ उत्सव मनाना है, विश्वकर्मा मदिर में ही सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया है। ये सारे नियम हमारे विश्वकर्मा समाज के लखपति विश्वकर्मा के अध्यक्षता में सर्व सहमति से हर्षौल्लास के साथ बनाया गया है।



## बड़े बकायेदार संस्थान संचालकों पर निगम का शिकंजा, कुर्की-सीलिंग की तैयारी

**रायगढ़।** नगर निगम प्रशासन ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूली अभियान को तेज करते हुए बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। लंबे समय से बकाया रखने वाले करदाताओं को पूर्व में नोटिस जारी कर कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है और अब सीलिंग सहित अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

निगम के अभिलेखों के अनुसार कई बड़े करदाताओं द्वारा वर्षों से टैक्स जमा नहीं किया गया है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रमुख बकायेदारों में रामनिवास टॉकीज मलिक भगवती देवी लक्ष्मण दास 1 लाख 52789 रुपए, मांझी डेयरी संचालक सुधीर मांझी राघवेंद्र मांझी चार लाख 12531 रुपए, मुरारी होटल परिसर संचालक दीनदयाल गणपत राय गुलाब देवी गणपत राय 220091 रुपए, पानी फिल्टर मशीन संस्थान संचालक महादेई गुलाब राय अजय सिंघानिया 399641 रूपये, बीड़पारा कपड़ा थोक विक्रेता श्रवण केजरीवाल, महावीर अग्रवाल 291831 रुपए, लक्ष्मीचंद शर्मा (नर्सरी संचालक) पर 2.04 लाख, एचपी डेवलपर्स/गीता देवी/हनुमान/अमित अग्रवाल पर 1.49 लाख, शिवम मोटर्स पर 2.90 लाख, सन राइस मिल पर 4 लाख, हसमतराय पर 1.21 लाख, निरंजन अग्रवाल (महालक्ष्मी ट्रेडर्स) पर 93 हजार, लक्ष्मी बोरवेल्स पर 1.79 लाख, सांवरिया बिल्डिंग (बजरंग अग्रवाल/मातु अग्रवाल) पर 1.76 लाख, संजू देवी/चंद्रमा सिंह पर 1.91 लाख तथा ईदनदास पर 1.11 लाख बकाया है। इन सभी प्रकरणों में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर संपर्क किया जा रहा है, बावजूद इसके भुगतान नहीं होने पर अब कुर्की, सीलिंग एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी संबंध में निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक लेकर प्रत्येक वार्ड की वसूली प्रगति का जायजा लिया। बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं अमले द्वारा किए गए दैनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित लक्ष्य को समयसीमा में पूरा करना प्राथमिकता है। लक्ष्य प्राप्ति में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**खास बात**

- राजस्व वसूली में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी, बकायेदारों से शीघ्र भुगतान की अपील





### बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का करें भुगतान

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने सभी बकायेदार करदाताओं से तत्काल अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करने की अपील की है। अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा कुर्की, सीलिंग एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित करदाता की होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी निगम के राजस्व शाखा द्वारा कार्यालय समय पर संपत्ति, समेकित, जलकर एवं यूजर चार्ज जमा लिया जाएगा। शहरवासी 31 मार्च तक राजस्व शाखा में संपर्क कर किसी भी दिन बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इससे बकाया करदाता अतिरिक्त सर चार्ज देने एवं कुर्की, सीलिंग एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई से बच सकते हैं।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच

**रायगढ़।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी केन्द्रों में 24 मार्च को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक जांच एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही उन्हें पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान कर उनकी स्वास्थ्य जांच के साथ साथ आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिलेभर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजना पैंकरा के संचालन में आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना रहा। शिविरों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांचए परामर्श एवं पोषण संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित सभी आवश्यक जांच की गई।



## शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी वार्ड विजेता कप पर वार्ड नंबर 21 का कब्जा

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र का प्रसिद्ध आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी वार्ड विजेता कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में वार्ड नंबर 21 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि वार्ड नंबर 28 उपविजेता रही।

फाइनल मुकाबला का सीधा प्रसारण क्रिक हीरोज यू ट्यूब पर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी और माता आशा त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेराम तिवारी ने की, जिनके हाथों विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में बीते 4 वर्ष से लगातार स्थानीय पंजरी प्लांट युवा संघ द्वारा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी वार्ड विजेता कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में किया जाता रहा है। जिस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सभी युवा 1 महीने पहले से ही मेहनत करते हैं। इसके साथ ही स्थानीय संस्थाओं का भी सहयोग मिलता है। फाइनल मुकाबले में वार्ड नंबर 21 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 121 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड नंबर 28 की टीम निर्धारित ओवरों में 80 रन ही बना सकी, जिससे वार्ड नंबर 21 ने शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले सेमीफाइनल में वार्ड नंबर 21 ने वार्ड नंबर 5 को हराया, जबकि वार्ड नंबर 28 ने वार्ड नंबर 12 को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। 15 मार्च से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया।



## सावित्री नगर कालोनी तमनार में की गई चैती छठ पर सूर्य देव की आराधना

**रायगढ़।** चैत माह के छठ से प्रारंभ हुए चैती छठ का समापन बुधवार की सुबह उगते हुए भगवान भुवन भास्कर को अघ्र्य देकर किया गया। सावित्री नगर कालोनी तमनार में भी चैती छठ की पूजा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। जहां व्रतियों ने जल में खड़े होकर उगते सूर्य को अघ्र्य दिया। छठ पूजा साल में दो बार की जाती हैए यह पूर्जा पूर्वाचल के लोगों के लिए विशेष होती है। इस दिन का इंतजार लोगों को बेसब्री से रहता है। इस बार चैती छठ की शुरूआत रविवार को नहाए खाए के साथ हुई। शाम से व्रती महिलाओं ने उपवास प्रारंभ किया। मंगलवार की शाम को व्रति महिलाएं पूजा का सामान सूप में सजाकर तालाब पहुंचीं। यहां पर डूबते सूर्य को अघ्र्य दिया गया। इस पूजा में साफ सफाईए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।चैती छठ के अंतिम दिन बुधवार को उगते सूर्य को अघ्र्य देने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं व उनके परिजन तालाब पहुंचे। यहां उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देकर व्रत की पूर्णता की गई। इसके बाद लोगों ने पारणा किया।



## कल से ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईईईई प्रायोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर सस्टेनेबल इनोवेशंस का आयोजन 27 से 28 मार्च तक किया जाएगा।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रबुद्ध विद्वानों की सहभागिता रहेगी तथा 230 से अधिक शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। यह द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हाइब्रिड (फिजिकल एवं वर्चुअल) माध्यम से आयोजित होगा। सम्मेलन को आईईईई एमपी सेशन आईईईई आईएएस एवं पीईएलएस सोसाइटी चैप्टर तथा भारत सरकार द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग प्राप्त है। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन चेयरमैन डॉ. आर. डी. पाटीदार ने कहा कि जैसे-जैसे विश्व उद्योग 5.0 के युग में प्रवेश कर रहा है, शिक्षाविदों, उद्योग जगत और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि नवाचारों का उपयोग जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ किया जा सके। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों एवं नीति निर्माताओं को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे नवीकरणीय ऊर्जा, इंटेलिजेंट सिस्टम्स एवं एआई-आधारित ऊर्जा प्रबंधन अनुकूलन, ऊर्जा-कुशल उपकरणों एवं स्मार्ट ग्रिड का विकास, सौर, पवन तथा हाइब्रिड प्रणालयों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का एकीकरण, तथा कुशल ऊर्जा रूपांतरण हेतु पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में नवाचार जैसे विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत करेंगे।

सम्मेलन के संयोजक डॉ. संदीप बिस्वाल ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए विश्वभर से 1850 से अधिक शोधपत्र प्राप्त हुए, जो इसकी अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता को दर्शाते हैं। 07 से अधिक देशों से प्राप्त ये शोध पेपर सारांश सम्मेलन की अंतर्राष्ट्रीय अपील और प्रासंगिकता का अनुकरण करते हैं। इनमें से चयनित लगभग 230 तकनीकी शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में उद्घाटन एवं समापन सत्रों के साथ-साथ 11 कीनोट व्याख्यान, पैनल डिस्कशन एवं 18 विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख वक्ताओं के रूप में डॉ. संजय कुमार परिडा (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना), डॉ. नरेंद्र डी. लोंधे (एनआईटी रायपुर), डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा (एसजीआईएसटीएस इंदौर) एवं डॉ. नरेंद्र सिंह बेनीवाल, (बीआईईटी झांसी) आदि सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन 27 मार्च को विश्वविद्यालय के पुंजीपथरा परिसर स्थित सभागार में मुख्य अतिथि सुशील कुमार सूनी (पूर्व सीईओ एवं संस्थापक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड.) एवं श्रीमती शालू जिंदल (चांसलर, ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय)की उपस्थिति में होगा।

## 50 किसानों ने सीखा आधुनिक तकनीक से मधुमक्खी पालन




**सारंगढ़।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत स्थानीय धर्मशाला सारंगढ़ में आयोजित 7 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 19 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 50 पुरुष एवं महिला किसानों ने भाग लेकर मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय और कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने सभी प्रतिभागी किसानों को प्रमाण पत्र एवं पपीते के पौधे वितरित कर उनके प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि सारंगढ़ जिले में सरसों की खेती अधिक होने के कारण मधुमक्खी पालन किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक बेहतर माध्यम बन सकता है।




